आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 03.11.2025 समय : 1905

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत अब केवल तकनीक का उपभोक्ता ही नहीं, प्रौद्योगिकी परिवर्तन का नेता भी बन चुका है।
- राष्ट्रपति, उप राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने विश्व कप जीतने पर भारतीय महिला क्रिकेट टीम को बधाई दी।
- दक्षिण अंडमान में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।
- दूरसंचार विभाग के लिए चौथा राष्ट्रीय डिजिटल जीवन प्रमाण–पत्र अभियान आज से शुरू।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत अब तकनीक का सिर्फ उपभोक्ता नहीं, बल्कि यह प्रौद्योगिकी परिवर्तन का नेता बन चुका है। नई दिल्ली के भारत मंडपम में आज उभरते विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी नवाचार सम्मेलन 2025 का उद्घाटन करते हुए श्री मोदी ने कहा कि विश्व के सबसे अधिक सफल डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को देश में निर्मित किया गया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार देश में नवाचार का आधुनिक तंत्र निर्मित करने के लिए अनुसंधान को सुगम बनाने पर ध्यान केन्द्रित कर रही है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र बन चुका है। उन्होंने यह भी कहा कि देश का सेमीकंडक्टर क्षेत्र एक परिवर्तनकारी छलांग लगा चुका है।

<><><><><><><>

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने आई सी सी एक दिवसीय महिला विश्व कप का खिताब जीतकर इतिहास रच दिया है। कल रात नवी मुंबई में खेले गए फाइनल में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को बावन रन से हरा कर पहली बार यह खिताब अपने नाम किया। भारतीय टीम की उपलब्धि पर पूरे देश में जश्न का माहौल है। इसके बाद से ही टीम को देशभर से बधाई मिल रही हैं। राष्ट्रपति, उप राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री

ने विश्व कप जीतने पर भारतीय टीम को बधाई दी है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि भारतीय टीम को प्रतिभा और प्रदर्शन के अनुरूप परिणाम मिला और यह ऐतिहासिक उपलब्धि महिला क्रिकेट को और अधिक ऊंचाई पर ले जाएगी। उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भारतीय टीम की लगन, कौशल और अदम्य उत्साह ने देश का नाम ऊंचा किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भारत का प्रदर्शन अद्‌भुत कौशल और आत्मविश्वास से भरपूर रहा। पूरी टीम ने असाधारण टीम वर्क का परिचय दिया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और गृह मंत्री अमित शाह ने इस जीत पर टीम को बधाई दी।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए दो दिवसीय प्रथम ब्लॉक–स्तरीय समावेशी खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्‌घाटन आज भातूबस्ती स्कूल मैदान में शिक्षा एवं खेल निदेशक विक्रम सिंह ने किया। अपने उद्‌घाटन भाषण में मुख्य अतिथि ने CWSN छात्रों को खेलों और शारीरिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि विभाग स्कूल स्तर पर खेलों को बढ़ावा देने के लिए हर संभव सहायता और सुविधाएँ प्रदान करेगा। इस पहल का उद्देश्य छात्रों की शारीरिक फिटनेस, अनुशासन, टीम वर्क और खेल भावना का विकास करना है, जिससे एक स्वस्थ और आत्मविश्वासी युवा पीढ़ी का निर्माण हो सके। समापन समारोह कल आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए समावेशिता, भागीदारी और समान अवसरों को बढ़ावा देना है। इस आयोजन में ट्रैक और फील्ड स्पर्धाएँ, मोटर–कौशल आधारित गतिविधियाँ और विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए उपयुक्त टीम गेम शामिल किए गए हैं।

<><><><><><><>

नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा कई क्षेत्रों में जीएसटी दरों में कटौती के साथ, बाईस सितंबर को शुरू किए गए जीएसटी बचत उत्सव से देश भर के नागरिकों को लाभ हुआ है। अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों से तेलंगाना की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिल रहा है।

<><><><><><><>

दूरसंचार विभाग के लिए चौथा राष्ट्रीय डिजिटल जीवन प्रमाण–पत्र–डीएलसी अभियान आज नई दिल्ली में शुरू किया गया। इस अभियान का उद्देश्य देशभर के प्रत्येक जिले और दो हजार से अधिक

उपमंडल मुख्यालयों को कवर करना है। इसके अंतर्गत देशभर में एक सौ इकहत्तर शहरों के शहरी पेंशनभोगियों को व्यापक सहायता प्रदान की जाएगी। यह अभियान इस महीने के अंत तक जारी रहेगा।

डीएलसी अभियान पेंशनभोगियों के डिजिटल सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। इसका उद्देश्य आधार आधारित चेहरा प्रमाणीकरण तकनीक के उपयोग पर जोर देना है जिससे पेंशनभोगी बायोमीट्रिक उपकरणों की आवश्यकता के बिना अपना जीवन प्रमाण पत्र जमा कर सकते हैं। इसका लक्ष्य बाईस हजार से अधिक पेंशनभोगियों तक पहुंचना है जिनके डीएलसी इस महीने के अंत तक समाप्त होने वाले हैं।

**<><><><><><><>**

अंडमान लॉ कॉलेज की छात्रा अलिया मजीद ने इक्कतीस अक्टूबर को नई दिल्ली स्थित संसद भवन में आयोजित राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह में द्वीपसमूह का प्रतिनिधित्व किया। यह कार्यक्रम सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर आयोजित किया गया। अलिया मजीद देशभर से चुने गए छत्तीस युवाओं में से एक थीं, जिन्हें विकसित भारत युवा संसद के राज्य स्तरीय राउंड में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर चयनित किया गया था। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला और भारत के उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने कार्यक्रम में भाग लेकर प्रतिभागियों से संवाद किया। श्री बिड़ला ने अपने संबोधन में सरदार पटेल को "राष्ट्रीय एकता और अखंडता के शिल्पी" बताते हुए उनके योगदान को स्मरण किया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. पी. वी. नागेन्द्र शर्मा और मायभारत के संयुक्त निदेशक सुखरंजन विश्वास ने अलीया मजीद को इस उपलब्धि पर बधाई दी।

**<><><><><><><>**